वरिष्ठ कमाण्डेंट का कार्यालय
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल
(गृह मंत्रालय)

केऔसुब इकाई बीएनपी देवास

पत्रॉक : ई–37098/केऔसुब/बैनोप्रे/अग्नि सुरक्षा/अग्नि/2026–2314 दिनांक:28/03/2026

प्रति,

प्राचार्य महोदय,
केन्द्रीय विद्यालय, बैंक नोट प्रेस,
देवास (म0प्र0)

**विषयः–** <u>केन्द्रीय विद्यालय भवन का अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में।</u>

कृपया आपके कार्यालय के पत्रांक फाः 52/केवी बीएनपी /दे/देवास/ 2025–26/ 903 दिनांक 19.03.2026 के संदर्भ में।

02. उपरोक्त विषयानान्तर्गत अवगत कराया जाता है कि बैंक नोट परिसर देवास में स्थित केन्द्रीय विद्यालय में अग्नि सुरक्षा व संभावित अग्नि दुर्घटना के मध्यनजर केऔसुब (अग्निशमन शाखा) बैंक नोट प्रेस, देवास द्वारा पर्याप्त आवश्यक अग्निशमन उपकरण रखे हुए हैं जिन्हें अग्नि दुर्घटना की स्थिति में इस्तेमाल कर समय रहते आग पर काबू पाकर होने वाली संभावित जान–माल की क्षति को तत्काल रोका जा सकें साथ ही ऐसी स्थिति में अग्निशमन केन्द्र पर सूचना मिलते ही केऔसुब अग्निशमन दल तुरंत घटनास्थल पर पहुँचकर अग्निशमन कार्य को अंजाम देते हैं। इसी परिपेक्ष में केऔसुब (अग्निशमन शाखा) बैंक नोट प्रेस, देवास द्वारा समय–समय पर केन्द्रीय विद्यालय देवास परिसर में अग्निशमन प्राथमिक उपचार विषय पर क्लास व अग्निशमन प्रदर्शन कर विद्यालय के शिक्षकगण व विधार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही विद्यालय में रखे अग्निशमन प्राथमिक उपचार यन्त्रों की अग्निशमन अनुरक्षण टीम द्वारा मासिक अन्तराल में चैकिंग की जाती है जिसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि विद्यालय में रखे हुए सभी अग्निशमन उपकरण/यन्त्र सही व सुरक्षित अवस्था में हैं और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें प्रयोग में लाया जा सकता है।

03. यह पत्र प्राचार्य महोदय केन्द्रीय विद्यालय देवास के लिखित अनुरोध पर जारी किया जा रहा है।

OFFICE OF THE SR. COMMANDANT
वरिष्ठ कमान्डेन्ट का कार्यालय
बैंक नोट मुद्रणालय
B.N.P. DEWAS
Central Industrial Security

वरिष्ठ कमाण्डेंट
<u>केऔसुब इकाई बैनोप्रे,देवास (म0प्र0)</u>
OIC 28/03/26